**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या-181 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/01-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 20 अगस्त, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2026, भेषजिक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/02 के अंतर्गत भेषजिक के पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 29-06-2026 को सम्पन्न हुई थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 01.07.2026 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गयी थी एवं आवश्यक सूचना दिनांक 02.07.2026 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी पर आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज कराये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.07.2026 को प्रकाशित की गयी Provisional उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के उपरान्त प्रश्नगत परीक्षा के मास्टर सेट की उत्तर कुंजी (विवरणात्मक) अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है।

संलग्नक- यथोपरि।

20/08/2026
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ
## विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2026
## भेषजिक मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.- 2025)/02
## उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

**परीक्षा तिथि : 29-06-2026**

**Set Code : ID8**

| | |
|---|---|
| 1. | बफर विलयन क्या है ?<br>**ऐसा विलयन जो पीएच में परिवर्तन का विरोध करता है**<br>What is a buffer solution ?<br>**A solution that resists change in pH** |
| 2. | निम्न में से कौन–सा युग्म क्रमश: लुईस अम्ल और लुईस क्षार का है ?<br>**$H^+$ और $OH^-$**<br>Which pair consists of a Lewis acid and a Lewis base respectively ?<br>**$H^+$ and $OH^-$** |
| 3. | लवणीय विरेचक मुख्य रूप से अपना प्रभाव उत्पन्न करते हैं<br>**जठरांत्र मार्ग में परासरणीय भार बढ़ाकर**<br>Saline cathartics produce their effect primarily by<br>**Increasing osmotic load in the GIT (Gastrointestinal Tract)** |
| 4. | निम्न में से कौन–सा प्रतिजीवाणुनाशक और विसंक्रामक का युग्म गलत है ?<br>**अल्कोहल – ग्लूटारएल्डिहाइड**<br>Which of the following pairs of antiseptics and disinfectants is incorrectly matched ?<br>**Alcohols – Glutaraldehyde** |
| 5. | निम्न में से कौन–सा सोडियम इलेक्ट्रोलाइट का कार्य नहीं है ?<br>**प्रोटीन संश्लेषण**<br>Which of the following is not a function of sodium electrolyte ?<br>**Protein synthesis** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 6. | निम्न में से कौन-सा कथन अम्लीकारकों को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है ?<br>**ऐसे अकार्बनिक रसायन जो अम्ल उत्पन्न करते हैं या अम्लीय बनते हैं**<br>Which of the following statements best defines acidifiers ?<br>**Inorganic chemicals that produce or become acid** |
| 7. | निम्न में से कौन-सा युग्म सायनाइड विषाक्तता के उपचार से सही मेल खाता है ?<br>**सोडियम नाइट्राइट और सोडियम थायोसल्फेट**<br>Which of the following pair is correctly matched with cyanide poisoning treatment ?<br>**Sodium nitrite and sodium thiosulfate** |
| 8. | निम्न में से किसका उपयोग सीसा विषाक्तता में किया जाता है ?<br>**सोडियम कैल्शियम एडेटेट**<br>Which of the following is used in lead poisoning ?<br>**Sodium calcium edetate** |
| 9. | फाइब्रिनोजन स्कैन में कौन-सा रेडियो समस्थानिक उपयोग किया जाता है ?<br>**आयोडीन-125**<br>Which radioisotope is used in fibrinogen scan ?<br>**Iodine-125** |
| 10. | कौन-सा रेडियो समस्थानिक विकिरण चिकित्सा तथा ऊष्मा-संवेदनशील पदार्थों के स्टेरलाइजेशन दोनों में उपयोग होता है ?<br>**कोबाल्ट-60**<br>Which radioisotope is used for both radiotherapy and sterilization of heat labile substances ?<br>**Cobalt-60** |
| 11. | आंवला में प्रमुख रूप से कौन-सा विटामिन पाया जाता है ?<br>**विटामिन सी**<br>The major vitamin present in Amla is<br>**Vitamin C** |
| 12. | पेट्रोलियम परत में गैम्बियर फ्लोरेसिन परीक्षण क्या देता है ?<br>**हरी प्रतिदीप्ति**<br>In petroleum layer, Gambier fluorescin test gives<br>**Green fluorescence** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 13. | टोलू बालसम में उपस्थित तैलीय द्रव को क्या कहते हैं ?<br>**सिनामीन**<br>The oily liquid present in Balsam of Tolu is called<br>**Cinnamein** |
| 14. | जिमनेमा को सामान्यत: किस नाम से जाना जाता है ?<br>**गुड़मार**<br>Gymnema is commonly known as<br>**Gudmar** |
| 15. | ताज़ी राउवोल्फिया जड़ पर सघन नाइट्रिक अम्ल परीक्षण करने पर क्या प्राप्त होता है ?<br>**लाल रंग**<br>Concentrated nitric acid test on fresh Rauwolfia root produces<br>**Red colour** |
| 16. | निम्न में से कौन–सा एल्कलॉइड पित्तस्राववर्धक तथा विरेचक दोनों के रूप में उपयोग होता है ?<br>**बोल्डीन**<br>Which alkaloid listed is used as both choleretic and laxative ?<br>**Boldine** |
| 17. | निम्न में से कौन–सा रंगद्रव्य अपने स्रोत और स्थिरता के साथ सही मेल खाता है ?<br>**कार्माइन चूर्ण – डैक्टिलोपियस कॉक्सस – पीएच 4 से नीचे अवक्षेपित**<br>Which of the following colourants is correctly matched with its source and stability ?<br>**Carmine powder – Dactylopius coccus – Precipitates below pH 4** |
| 18. | फ्रेडरिक व्होलर ने यूरिया का संश्लेषण किसे गर्म करके किया था ?<br>**अमोनियम सायनेट**<br>Friedrich Wöhler synthesized urea by heating<br>**Ammonium cyanate** |
| 19. | एकल शर्करा की छह- सदस्यीय वलय संरचना को क्या कहा जाता है ?<br>**पाइरानोज़**<br>A six-membered ring structure of a monosaccharide is termed<br>**Pyranose** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 20. | निम्न में से कौन–सा अशाखित भंडारण समबहुशर्करा है ?<br>**एमाइलोज़**<br>Which of the following is an unbranched storage homoglycan ?<br>**Amylose** |
| 21. | ट्राइएसिलग्लिसरॉल का कार्बन–2 कब किराल बनता है ?<br>**जब कार्बन-1 और कार्बन-3 पर एसिल समूह भिन्न हों**<br>The C-2 carbon of triacylglycerol becomes chiral when<br>**Acyl groups at C-1 and C-3 are different** |
| 22. | पौधों में फाइलोक्विनोन किस प्रकार की जैविक प्रक्रिया में भाग लेता है ?<br>**प्रकाश संश्लेषण**<br>Phylloquinone participates in which type of biological process in plants ?<br>**Photosynthesis** |
| 23. | विटामिन ई का रासायनिक नाम क्या है ?<br>**α–टोकोफेरॉल**<br>Vitamin E is chemically known as<br>**α-tocopherol** |
| 24. | त्वचा में विटामिन डी3 का निर्माण किस प्रकार होता है ?<br>**सूर्यप्रकाश से प्रेरित गैर–एंजाइमिक प्रक्रिया**<br>The formation of vitamin D3 in skin is<br>**Nonenzymatic process triggered by sunlight** |
| 25. | एंजाइम मुख्यत: किस प्रकार अभिक्रियाओं की दर बढ़ाते हैं ?<br>**संक्रमण अवस्था को स्थिर करके**<br>Enzymes accelerate the rate of the reactions primarily by<br>**Stabilizing the transition state** |
| 26. | जैविक तंत्रों में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड के विघटन को कौन–सा एंजाइम उत्प्रेरित करता है ?<br>**कैटालेस**<br>Which enzyme catalyzes the breakdown of hydrogen peroxide in biological systems ?<br>**Catalase** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ



Answer Key

| | | |
|---|---|---|
| 27. | निम्न में से कौन-सा एक नियामक प्रोटीन है ?<br>**इंसुलिन**<br>Which of the following is a regulatory protein ?<br>**Insulin** |
| 28. | कशेरुक विशेषता का कौन-सा मिलान सही है ?<br>**कटि – छोटा कुंद कंटक प्रवर्ध**<br>Which matching of vertebral feature is correct ?<br>**Lumbar – short blunt spinous process** |
| 29. | एक रोगी में हृदयगति और संकुचनशीलता बढ़ने से रक्तचाप बढ़ गया है । इसमें सबसे संभावित हार्मोन कौन-से हैं ?<br>**नॉरएपिनेफ्रिन और एपिनेफ्रिन**<br>A patient shows increased heart rate and contractility leading to raised blood pressure. The most likely hormones involved are<br>**Norepinephrine and epinephrine** |
| 30. | जीवन क्षमता में निम्न में से कौन-सा शामिल नहीं है ?<br>**अवशिष्ट आयतन**<br>Vital capacity includes all except<br>**Residual volume** |
| 31. | कौन-सी मांसपेशी में तंतु व्यापक रूप से फैलकर एक केंद्रीय कंडरा पर अभिसरित होकर त्रिकोणीय आकार बनाते हैं ?<br>**पेक्टोरालिस मेजर मांसपेशी**<br>Which muscle shows fascicles that spread widely and converge at a central tendon forming a triangular shape ?<br>**Pectoralis major muscle** |
| 32. | डिस्फेजिया का अर्थ क्या है ?<br>**निगलने में कठिनाई**<br>Dysphagia refers to<br>**Difficulty in swallowing** |
| 33. | संक्रमण और लक्षणों के प्रथम प्रकट होने के बीच के समय को क्या कहा जाता है ?<br>**ऊष्मायन काल**<br>The time interval between infection and first appearance of signs and symptoms is called<br>**Incubation period** |



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 34. | निम्न में से कौन-सा महामारी विज्ञान के मुख्य घटकों को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है ?<br>**रोगों की आवृत्ति, वितरण और निर्धारक**<br>Which of the following best represents the core components of epidemiology ?<br>**Frequency, distribution, and determinants of diseases** |
| 35. | गोनोरिया संक्रमण के बाद प्रतिरक्षा कैसी होती है ?<br>**कोई प्रतिरक्षा नहीं**<br>Immunity after gonorrhea infection is<br>**No Immunity** |
| 36. | "लॉकजॉ" किस रोग को कहते हैं ?<br>**टिटनेस**<br>"Lockjaw" refers to which disease ?<br>**Tetanus** |
| 37. | "रक्तपोषी संधिपाद" शब्द उन जीवों के लिए प्रयुक्त होता है जो<br>**रक्त पर भोजन करते हैं**<br>The term "hematophagous arthropod" refers to organisms that<br>**Feed on blood** |
| 38. | डेंगू विषाणु किस विषाणु समूह से संबंधित है ?<br>**फ्लैविविषाणु**<br>Dengue virus belongs to which group of viruses ?<br>**Flavivirus** |
| 39. | पोलियो विषाणु का संक्रमण किस प्रकार की प्रतिरक्षा प्रदान करता है ?<br>**स्थायी प्रतिरक्षा**<br>Infection with poliovirus confers which type of immunity ?<br>**Permanent immunity** |
| 40. | कोरोनाविषाणु संक्रमण के प्रति प्रतिरोध मुख्यत: किनमें देखा जाता है ?<br>**टीकाकृत लोग**<br>Resistance to Coronavirus infection is mainly seen in<br>**Vaccinated people** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ



AnswerKey

| | |
|---|---|
| 41. | अघुलनशील आहार रेशे मुख्यत: कहाँ पाए जाते हैं ?<br>**गेहूँ की भूसी और सब्जियाँ**<br>Insoluble dietary fibres are mainly found in<br>**Wheat bran and vegetables** |
| 42. | औषधीय नैतिकता के अनुसार एक औषधनिर्माता की प्रथम प्राथमिकता क्या है ?<br>**उपभोक्ता का स्वास्थ्य और कल्याण**<br>According to pharmaceutical ethics, the first priority of a pharmacist is<br>**Consumer's health and well-being** |
| 43. | नुस्खे को पुन: भरने के मामले में चिकित्सक को क्या करना चाहिए ?<br>**उचित निर्देशों के साथ औषधनिर्माता का मार्गदर्शन करना चाहिए**<br>In case of refilling prescriptions, the prescriber should<br>**Guide the pharmacist with appropriate instructions** |
| 44. | राज्य के औषधि नियंत्रण विभाग का प्रमुख परिषद का सदस्य किस रूप में होता है ?<br>**पदेन सदस्य**<br>The Chief of the Drug Control Department of the State is a member of the Council as<br>**Ex-officio member** |
| 45. | अधिकतम मूल्य क्या होता है ?<br>**सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य**<br>Ceiling price is<br>**Government fixed price** |
| 46. | चिकित्सीय गर्भसमापन अधिनियम कब लागू किया गया था ?<br>**1971**<br>Medical Termination of Pregnancy Act was enacted in<br>**1971** |
| 47. | औषधि और प्रसाधन नियमों की अनुसूची एम किससे संबंधित है ?<br>**उत्तम निर्माण पद्धतियाँ**<br>Schedule M of the Drugs and Cosmetics Rules deals with<br>**Good Manufacturing Practices** |
| 48. | औषधि और प्रसाधन नियमों की अनुसूची पी किससे संबंधित है ?<br>**औषधियों की आयु अवधि और भंडारण**<br>Schedule P of the Drugs and Cosmetics Rules deals with<br>**Life period and storage of drugs** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 49. | जिन अभिग्राहकों के लिए कोई ज्ञात अंतर्जात लिगैंड नहीं होता उन्हें क्या कहते हैं ?<br>**अनाथ अभिग्राहक**<br>Receptors with no known endogenous ligand are called<br>**Orphan receptors** |
| 50. | मूत्रवर्धकों के लिए बाध्यकारी संकेत कौन-सा है ?<br>**हृदय विफलता**<br>Which is a compelling indication for diuretics ?<br>**Heart Failure** |
| 51. | मूत्रवर्धकों के साथ श्रवण हानि केवल किसमें होती है ?<br>**उच्च सीलिंग मूत्रवर्धक**<br>Hearing loss with diuretics occurs only with<br>**High ceiling diuretics** |
| 52. | 5-$HT_3$ अभिग्राहक प्रतिपक्षियों में कौन-से शामिल हैं ?<br>**ओन्डैन्सेट्रॉन, ग्रैनिसेट्रॉन**<br>5-$HT_3$ receptor antagonists include<br>**Ondansetron, Granisetron** |
| 53. | निम्न में से कौन-सी औषधि एल्काइलेटिंग एजेंट नहीं है ?<br>**मेथोट्रेक्सेट**<br>Which drug is not an alkylating agent ?<br>**Methotrexate** |
| 54. | खुली निविदा प्रणाली को और किस नाम से जाना जाता है ?<br>**सार्वजनिक या असीमित निविदा**<br>Open tender system is also known as<br>**Public or unlimited tender** |
| 55. | निम्न मूल्य तकनीक का क्या अर्थ है ?<br>**बिक्री बढ़ाने हेतु उत्पादों को कम मूल्य पर बेचना**<br>Lower price technique means<br>**Selling products at reduced price to promote sales** |
| 56. | विक्रय कला का सबसे अच्छा वर्णन क्या है ?<br>**व्यक्तिगत संपर्क आधारित विक्रय प्रक्रिया**<br>Salesmanship is best described as<br>**Personal contact-based selling process** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 57. | अल्पकालिक वित्त सामान्यत: किसके लिए आवश्यक होता है ?<br>**कार्यशील पूंजी आवश्यकताएँ**<br>Short term finances are generally required for<br>**Working capital needs** |
| 58. | अंशों के दो मुख्य प्रकार कौन-से हैं ?<br>**वरीयता और इक्विटी अंश**<br>The two main types of shares are<br>**Preference and Equity shares** |
| 59. | ड्रग बास्केट पद्धति किससे संबंधित है ?<br>**निशुल्क फ्लोर स्टॉक प्रणाली**<br>Drug basket method is associated with<br>**Non-charge floor stock system** |
| 60. | यूनिट डोज वितरण प्रणाली को व्यापक रूप से किसमें वर्गीकृत किया जाता है ?<br>**केंद्रीकृत और विकेन्द्रीकृत प्रणाली**<br>Unit dose dispensing system can be broadly classified into<br>**Centralized and decentralized systems** |
| 61. | अस्पताल फॉर्मुलरी किसमें सहायता करती है ?<br>**दवाओं की बर्बादी रोकने में**<br>Hospital formulary helps in<br>**Preventing wastage of drugs** |
| 62. | यदि चिकित्सक फॉर्मुलरी से अनभिज्ञ हो तो फार्मासिस्ट को क्या करना चाहिए ?<br>**चिकित्सक को सूचित करना चाहिए**<br>If prescriber is unaware of formulary, pharmacist should<br>**Inform the prescriber** |
| 63. | अनुपालन अध्ययनों में स्तर-I प्रमाण किसे कहा जाता है ?<br>**उच्च शक्ति वाले यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षणों का मेटा विश्लेषण**<br>Level-I evidence in adherence studies refers to<br>**Meta analysis of randomised control trials with high power** |
| 64. | औषधि उपयोग मूल्यांकन (डी.यू.ई.) का सर्वोत्तम वर्णन क्या है ?<br>**सतत, अधिकृत और व्यवस्थित गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया**<br>Drug Use Evaluation (DUE) is best described as<br>**An ongoing, authorised and systematic quality improvement process** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 65. | अम्लनाशक की आदर्श बफरिंग पीएच सीमा क्या है ?<br>**pH 4 – 6**<br>The ideal buffering pH range of an antacid is<br>**pH 4 – 6** |
| 66. | वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का आविष्कार किसने किया ?<br>**टिम बर्नर्स–ली**<br>The World Wide Web (WWW) was invented by<br>**Tim Berners-Lee** |
| 67. | सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) को किस नाम से भी जाना जाता है ?<br>**कंप्यूटर का मस्तिष्क**<br>The Central Processing Unit (CPU) is also known as<br>**Brain of the Computer** |
| 68. | निम्नलिखित में से कौन–सा इनपुट उपकरण है ?<br>**स्कैनर**<br>Which of the following is an input device ?<br>**Scanner** |
| 69. | ब्राउज़र में 'रिफ्रेश' बटन क्या करता है ?<br>**वर्तमान पृष्ठ को पुनः लोड करना**<br>What does the 'Refresh' button in a browser do ?<br>**Reload the current page** |
| 70. | मोबाइल बैंकिंग के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है ?<br>**इंटरनेट युक्त स्मार्टफोन**<br>Mobile banking requires which of the following ?<br>**Internet-enabled smartphone** |
| 71. | प्लॉटर का उपयोग किसे प्रिंट करने के लिए किया जाता है ?<br>**बड़े इंजीनियरिंग आरेखन**<br>A plotter is used to print<br>**Large engineering drawings** |
| 72. | ई–रीडर का मुख्य उपयोग किस लिए होता है ?<br>**ई–पुस्तक पढ़ना**<br>An e-reader (like Amazon Kindle) is primarily used for<br>**Reading e-books** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| 73. | निम्न में से कौन-सा बिना पर्यवेक्षण अधिगम का उदाहरण है ?<br>**के-मीन्स समूहकरण**<br>Which of the following is an example of unsupervised learning ?<br>**K-means clustering** |
| 74. | एलेक्सा और गूगल असिस्टेंट किसके उदाहरण हैं ?<br>**कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आभासी सहायक**<br>Alexa and Google Assistant are examples of<br>**AI-powered virtual assistants** |
| 75. | भारत का पहला सुपरकंप्यूटर कौन-सा था ?<br>**परम**<br>India's first supercomputer was<br>**PARAM** |
| 76. | विश्लेषण के लिए कच्चे डेटा को साफ और व्यवस्थित करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?<br>**डेटा की गडबड़ी/व्यवस्थित करना**<br>The process of cleaning and organising raw data for analysis is called<br>**Data wrangling/cleaning** |
| 77. | एम.एस.-वर्ड में 'ट्रैक चेंजेस' का उपयोग किस लिए होता है ?<br>**दस्तावेज़ में किए गए परिवर्तनों को रिकॉर्ड करना**<br>In MS-Word, 'Track Changes' feature is used for<br>**Recording edits made to a document** |
| 78. | एम.एस.-एक्सेल में सेल संदर्भ (जैसे $A$1) में $ चिन्ह क्या दर्शाता है ?<br>**स्थिर सेल संदर्भ**<br>In MS-Excel, what does the $ sign in a cell reference (e.g. $A$1) indicate ?<br>**Absolute cell reference** |
| 79. | निम्नलिखित में से कौन-सा ई-गवर्नेंस का लाभ है?<br>**24/7 नागरिक सेवाएँ प्रदान करना**<br>Which of the following is an advantage of e-Governance ?<br>**Provides 24/7 citizen services** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| 80. | क्रिप्टोकरेंसी किस तकनीक पर आधारित है ?<br>**ब्लॉकचेन**<br>Cryptocurrency is based on which technology ?<br>**Blockchain** | |
| 81. | उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ________ है ।<br>**ददरी मेला**<br>In Uttar Pradesh one of the most important festivals for the people of Ballia is<br>**Dadri Mela** | |
| 82. | उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक कौन-सी मिट्टी पाई जाती है ?<br>**जलोढ़ मिट्टी**<br>Which soil type is most widely found in Uttar Pradesh ?<br>**Alluvial soil** | |
| 83. | उत्तर प्रदेश में सामान्यत: कौन-सी प्रमुख वनस्पति पाई जाती है ?<br>**उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन**<br>Which main vegetation is commonly found in Uttar Pradesh ?<br>**Tropical deciduous forests** | |
| 84. | उत्तर प्रदेश में दोआब क्षेत्र का अर्थ है<br>**दो नदियों के बीच की भूमि**<br>The doab region in Uttar Pradesh refers to<br>**Land between two rivers** | |
| 85. | उत्तर प्रदेश का कौन-सा शहर चिकनकारी कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध है ?<br>**लखनऊ**<br>Which city of Uttar Pradesh is famous for Chikankari embroidery ?<br>**Lucknow** | |
| 86. | उत्तर प्रदेश का कौन-सा शहर 'नवाबों का शहर' कहलाता है ?<br>**लखनऊ**<br>Which city is known as the 'City of Nawabs' in Uttar Pradesh ?<br>**Lucknow** | |
| 87. | उत्तर प्रदेश की कौन-सी कला कांच की चूड़ियों से संबंधित है ?<br>**फिरोजाबाद कांच उद्योग**<br>Which craft of Uttar Pradesh is related to glass bangles ?<br>**Firozabad glasswork** | |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 88. | उत्तर प्रदेश में कालीन बुनाई का प्रमुख केंद्र कौन-सा है ?<br>**भदोही**<br>Which of the following is a major center of carpet weaving in Uttar Pradesh ?<br>**Bhadohi** |
| 89. | उत्तर प्रदेश की 'नौटंकी' को सबसे अच्छे रूप में कैसे वर्णित किया जा सकता है ?<br>**लोक रंगमंच**<br>The 'Nautanki' of Uttar Pradesh is best described as<br>**Folk theatre** |
| 90. | उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन-सा शिल्प पीतल के काम से संबंधित है ?<br>**मुरादाबाद शिल्प**<br>Which of the following crafts of Uttar Pradesh involves brassware ?<br>**Moradabad craft** |
| 91. | उत्तर प्रदेश की बनारसी तबला शैली के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?<br>**यह वाराणसी में हिंदुस्तानी संगीत से जुड़ी ताल वाद्य शैली है।**<br>Which of the following statements is correct regarding Banarasi tabla style of Uttar Pradesh ?<br>**It is a percussion style associated with Hindustani music in Varanasi.** |
| 92. | 'पद्मावत' प्रसिद्ध साहित्यिक कृति किसने लिखी ?<br>**मलिक मोहम्मद जायसी**<br>'Padmavat' is a famous literary work written by<br>**Malik Muhammad Jayasi** |
| 93. | उत्तर प्रदेश से जुड़े अमीर खुसरो ने मुख्यत: किस साहित्यिक परंपरा में योगदान दिया ?<br>**फारसी और हिंदवी साहित्य**<br>Amir Khusrau, associated with Uttar Pradesh, contributed mainly to which literary tradition ?<br>**Persian and Hindavi literature** |
| 94. | उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र से निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यटन प्रकार सबसे अधिक संबंधित है ?<br>**तीर्थ पर्यटन**<br>Which of the following tourism patterns is most associated with the Braj region of Uttar Pradesh ?<br>**Pilgrimage tourism** |
| 95. | उत्तर प्रदेश में पर्यटन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**उत्तर प्रदेश का पर्यटन धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के संयोजन पर आधारित है।**<br>Which of the following statements is correct regarding tourism in Uttar Pradesh ?<br>**Tourism in Uttar Pradesh is based on a combination of religious, cultural, and historical sites.** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 96. | उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के पारिस्थितिक महत्व के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?<br>**तराई क्षेत्र में उच्च जैव विविधता और वन संसाधन पाए जाते हैं।**<br>Which of the following statements is correct regarding the ecological importance of the Terai region in Uttar Pradesh ?<br>**The Terai region has high biodiversity and forest resources.** |
| 97. | उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?<br>**राज्यपाल की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।**<br>Which of the following statements is correct regarding the Governor of Uttar Pradesh ?<br>**The Governor is appointed by the President of India.** |
| 98. | उत्तर प्रदेश की विधानसभा के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?<br>**इसका चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाता है।**<br>Which of the following statements is correct regarding the Vidhan Sabha of Uttar Pradesh ?<br>**It is directly elected by the people.** |
| 99. | उत्तर प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?<br>**इनका उपयोग सभी नए बिजली कनेक्शनों के लिए किया जाएगा**<br>Which of the following statements is correct regarding prepaid smart meters in Uttar Pradesh ?<br>**They will be used for all new electricity connections** |
| 100. | उत्तर प्रदेश में मेरठ मेट्रो का संचालन कब शुरू हुआ ?<br>**फरवरी 2026**<br>Meerut Metro in Uttar Pradesh started operation in<br>**February 2026** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ